सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय,अजमेर

प्रभारी – डॉ. प्रीति माथुर

सितम्बर माह का प्रतिवेदन

01सितम्बर,2022



1 सितंबर 2022 को सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रा परिषद एवं महिला प्रकोष्ठ समिति की प्रभारी डॉ. प्रीति माथुर के संयोजन में प्राचार्य डॉक्टर कायद अली जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट महाराष्ट्र के तत्वाधान में विद्यार्थियों को Global Setting & Job Description विषय पर Charter Accountant श्री निखिल नैनानी जी और बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर श्री प्रिंस विश्वकर्मा जी ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए तकनीकि युग में एक मात्र कोरपोरेट सेक्टर में ही नौकरी प्राप्ति की अधिक संभावनाएं है। नौकरी प्राप्ति के प्रयास स्वयंम् को अपनी योग्यता के आधार पर विभिन्न उपयोगी उत्पादकों से संबंधित कंपनियों कोअप्रोच करना होगा। डॉ. सीमा गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

14 सितम्बर,2022 ***राष्ट्रीय हिन्दी दिवस***

हिन्दी विभाग
में आपका हार्दिक स्वागत

हिन्दी विभाग
में आपका हार्दिक स्वागत
GPS Map Camera
Ajmer, Rajasthan, India
Relra, CJWP+HQ2, Beawar Rd, Ajmer, Rajasthan 305001, India
Lat 26.44681°
Long 74.636879°

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य जी डॉक्टर कायद अली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ,जिसमें भारत की राष्ट्रीय भाषा हिंदी की उपादेयता, अनिवार्यता और महत्व के बारे में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ ललिता शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।डॉक्टर अनिल दाधीच, डॉक्टर रेखा यादव, डॉक्टर सीमा गर्ग, डॉ रश्मि शर्मा ,डॉ मोनिका मिश्रा डा- लताअग्रवाल व छात्रा परिषद् एवम् महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रीति माथुर ने भी अपने विचार अभिव्यक्ति किए।

हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। क्योंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित हो सकी ।राज भाषा हिंदी और देवनागरी लिपि का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए की महत्ता पर बल दिया गया। सभी सरकारी और निजी कार्यालयों में व बोल चाल में हिंदी भाषा का प्रयोग करने पर जोर दिया गया। इसके लिए सभी को एक जुट होकर हिन्दी के विकास को नए आयाम तक पहुँचाना है | इसका मूल उद्देश्य हिन्दी भाषा के लिए विकास की भावना को लोगों में केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे और अधिक बढ़ाना है।विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया।डॉक्टर सीमा गर्ग ने स्वागत उद्बोधन तथा आभार व्यक्त किया।

26 सितम्बर,2022

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

SAMRAT PRITHVIRAJ CHAUHAN
GOVERNMENT COLLEGE, AJMER
REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

SAMRAT PRITHVIRAJ CHAUHAN
GOVERNMENT COLLEGE, AJMER
REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Lecturer 26.9.2022 by Dr. Rajesh Choudhary on Women Rights, Myth and Reality



सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

दिनांक: 26-9-2022

प्रेस नोट

अजमेर ( ) 26 सितम्बर । आज महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "वुमन राइट्स: मिथ्स एण्ड रियलिटी (महिला अधिकार : मिथ और वास्तविकता) विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 राजेश नारायण, एसोसियेट प्रोफेसर, राजकीय विधि महाविद्यालय अजमेर ने विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिया।

आपने महिला अधिकार क्या हैं, के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत में प्राचीन समय में महिलाओं को शासन चलाने का, विद्यार्जन का, पूजा पाठ का अधिकार था जबकि यूरोपीय देशों में महिलाओं को इतने अधिकार प्राप्त नही थे।

आधुनिक समय में महिलाएं जब बाहरी दुनिया में आई तब महिला अधिकारों की मांग उठी। आपने महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव के बारे में बताया साथ में यह भी कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में अधिकार प्राप्त होने के बाद भी पिछड़े एवं ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। महिलाओं के समानता, घरेलू व कार्यक्षेत्र पर होने वाली हिंसा से स्वतंत्रता एवं स्वास्थ्य के अधिकारों पर चर्चा करते हुए इन अधिकारों के संवैधानिक एवं कानूनी स्थिति के बारे में बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ0 अनिल दाधीच ने भी अपने विचार साझा किये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 काइद अली खां ने अपने उद्बोधन में महिला अधिकारों की बात करते हुए उसके प्रति छात्राओं को जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ0 प्रीति माथुर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रसायन शास्त्र की सह आचार्य डॉ0 सीमा गर्ग ने मंच संचालन किया।

सादर प्रकाशनार्थ –

26/9/22
प्राचार्य,
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय,अजमेर

श्रीमान् सम्पादक महोदय,
दैनिक समाचार पत्र
अजमेर

पत्रिका

Ajmer City, 27/09/2022, Page 14

महिला अधिकार विषय पर व्याख्यान

अजमेर. व्याख्यान के दौरान मौजूद वक्ता व विद्यार्थी।

अजमेर @ पत्रिका. सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला अधिकार : मिथ और वास्तविकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश नारायण ने महिला अधिकारों की जानकारी दी। इसमें बताया कि प्राचीन समय में महिलाओं को शासन चलाने, विद्यार्जन, पूजा पाठ का अधिकार था जबकि यूरोपीय देशों में महिलाओं को इतने अधिकार प्राप्त नहीं थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में अधिकार प्राप्त होने के बाद भी पिछड़े एवं ग्रामीण इलाकों में उनकी स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। इस दौरान अंग्रेजी विभागाध्यक्ष अनिल दाधीच ने भी विचार साझा किए। प्राचार्य डॉ. काइद अली खां ने छात्राओं को जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम की संयोजिका प्रीति माथुर ने आभार जताया। संचालन सह आचार्य सीमा गर्ग ने किया।

ड़ॉ. प्रीति माथुर

प्रभारी

छात्रा परिषद् एवम् महिला प्रकोष्ठ

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर